दिन– शनिवार दिनांक– 08 / 03 / 2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारण:– प्रातः 08.48 बजे से। अवधि:– 15 मिनट

---

01. अन्तरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु आज नई दिल्ली में नारी शक्ति से विकसित भारत विषय पर राष्ट्रीय सम्मेलन का उद्घाटन करेंगी।

02. महिला और बाल विकास निगम महिला दिवस के अवसर पर राज्य की दो सौ तीन महिलाओं को सम्मानित करेगा।

03. प्रदेश के सभी न्यायालयों में आज किया जा रहा है राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन। आपसी समझौते के आधार पर होगा विवादों का निपटारा।

04. और, बिहार के केष्कर ठाकुर को वर्ष दो हजार चौबीस के लिए मैथिली का साहित्य अकादमी अनुवाद पुरस्कार दिया जायेगा।

——————————————————————

आज अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस है। महिलाओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करने और समाज में उनके खिलाफ हो रहे शोषण को रोकने के मकसद से प्रति वर्ष आठ मार्च को यह दिवस मनाया जाता है। इस वर्ष अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस की थीम है– **तेजी से कार्रवाई करें**। इस अवसर पर देश और प्रदेश में कई कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु आज नई दिल्ली में **नारी शक्ति से विकसित भारत** विषय पर राष्ट्रीय सम्मेलन की अध्यक्षता करेंगी। इसके बाद एक उच्च स्तरीय पैनल चर्चा होगी जिसमें तीन तकनीकी सत्र आयोजित होंगे। महिला और बाल विकास राज्य मंत्री अन्नापूर्णा देवी इस कार्यक्रम में शामिल होंगी। देशी की चुनिंदा महिलाएं आज प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के पहल पर उनका सोशल मीडिया अकाउंट संचालित करेंगी। इस पहल का उद्देश्य महिलाओं के योगदान को मान्यता देना और उनके सशक्तिकरण, और सफलता की यात्रा प्रदर्शित करके दूसरों को प्रेरित करना है। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला आज संसद भवन परिसर में संविधान सभा की महिला सदस्यों की एक प्रदर्शनी का उद्घाटन करेंगे। यह प्रदर्शनी भारतीय संविधान के पचहत्तर वर्ष पूरा होने के अवसर पर लगाई गई है। ब्यौरा हमारी संवाददाता से–

———रिपोर्ट———

——————————————————————

अन्तरराष्ट्रीय महिला दिवस पर प्रदेश में भी कई कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। इस अवसर पर महिला और बाल विकास निगम राज्य की दो सौ तीन महिलाओं को

सम्मानित करेगा। इन महिलाओं को उनके जिले में जिलाधिकारी सम्मानित करेंगे। अन्तरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खां और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने अपनी शुभकामना दी हैं। राज्यपाल ने कहा है कि भारतीय संस्कृति और परंपरा में महिलाओं को हमेशा उचित सम्मान मिला है। मुख्यमंत्री ने अपने संदेश में कहा है कि राज्य सरकार पिछले उन्नीस वर्षों से महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए लगातार प्रयत्नशील है। उन्होंने कहा कि महिलाएं समाज के विकास में अहम भूमिका निभाती है। उनके बिना समृद्ध समाज की कल्पना नहीं की जा सकती है।

———————————————————

राज्य में महिलाएं सशक्त हो रही हैं। विभिन्न विभागों से प्राप्त जानकारी के अनुसार शिक्षा, खेल, उद्योग, व्यवसाय और बचत योजनाओं में भागीदारी समेत अलग–अलग क्षेत्रों में महिलाओं ने पिछले कुछ वर्षों में प्रगति के मुकाम हासिल किये हैं। एक रिपोर्ट–

———रिपोर्ट———

राज्य की महिलाएं जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में लगातार आगे बढ़ रहीं हैं। जीविका दीदियों की संख्या बढ़कर एक करोड़ पैंतीस लाख हो गयी है। वहीं, जीविका समूहों की संख्या दस लाख के आंकड़े को पार कर गयी हैं। राज्य की महिलाएं जीविका समूहों के माध्यम से सड़सठ कम्पनियों का संचालन कर रही हैं, जिनका वार्षिक टर्नओवर करोड़ों रूपये में हैं। ड्राईविंग लाईसेंस बनाने में भी आधी आबादी लगातार आगे बढ़ रही हैं। पिछले चार वर्षों में ड्राईविंग लाईसेंस बनाने वाली महिलाओं की संख्या पचास हजार पांच सौ चौंसठ से बढ़कर चार लाख चौंसठ हजार हो गयी है। इधर, सिंगल पासपोर्ट बनवाने में महिलाएं पुरूषों से आगे हैं। डाकघर में खाताधारी महिलाओं की संख्या भी लगातार बढ़ रही है। वर्ष दो हजार चौबीस के आंकड़े के अनुसार यह संख्या सत्तर लाख से अधिक हो गयी है। राज्य की बेटियां खेल मैदानों में भी लगातार अपनी चमक बिखेर रहीं हैं। तीरंदाजी में अंशिका कुमारी, भारोत्तोलन में शालिनी, अदिती और खुशबू, साईकिलिंग में सुहानी जबकि तैराकी में माही स्वेत राज ने अपने प्रदर्शन से राज्य का नाम रौशन किया है। आकाशवाणी समाचार के लिए पटना से मैं खालिद रशीद।

———————————————————

बिहार पुलिस की नौकरियों में महिलाओं को आरक्षण देने के सकारात्मक परिणाम देखने को मिल रहें हैं। इससे जहां, पुलिस महकमे का स्वरुप बदला है, वहीं पुलिस में लैंगिक असमानता कम हुई है। वर्ष दो हजार तेरह में महिलाओं को पुलिस में पैंतीस प्रतिशत आरक्षण दिया गया। इससे पुलिस बल में महिलाओं की संख्या तीस हजार से अधिक हो गयी है जो पूरे देश में सबसे अधिक है। राज्य के पूर्व पुलिस महानिदेशक अभयानंद ने आकाशवाणी समाचार से बातचीत में कहा कि एक लाख दस हजार से अधिक संख्या वाले पुलिस में अब तैंतीस दशमलव छह सात का अनुपात सकारात्मक संकेत है।

———बाइट————

श्री अभयानंद ने बताया कि पुलिस में महिलाओं का प्रतिनिधित्व बढ़ाने से जांच और अनुसंधान कार्य खासकर महिलाओं के खिलाफ आपराधिक मामलों में काफी सहजता आती है।

———बाइट———

———————————————————————

आकाशवाणी समाचार पटना का प्रादेशिक समाचार एकांश एक अनूठे अंदाज में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस मना रहा है। आज हिंदी, उर्दू और मैथिली भाषा के सभी समाचार बुलेटिन महिला समाचार वाचक प्रस्तुत कर रही हैं। वहीं, आकाशवाणी दिल्ली से भी आज समाचार वाचन और प्रसारण से जुड़े सभी कार्य महिलाएं संभालेंगी। आकाशवाणी के दिल्ली केन्द्र से आज रात सवा नौ बजे से दस बजे तक अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर एक विशेष परिचर्चा भी प्रसारित की जायेगी।

———————————————————————

देश में पिछले महीने लगभग दो सौ पच्चीस करोड़ आधार प्रमाणीकरण किए गए हैं। इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय के अनुसार इस वर्ष फरवरी माह में लगभग तैंतालीस करोड़ ई–केवाईसी प्रविष्टियां की गईं। यह चौदह प्रतिशत की वार्षिक वृद्धि को दर्शाता है। मंत्रालय के अनुसार इस साल फरवरी के अंत तक, आधार प्रमाणीकरण की कुल संख्या चौदह हजार करोड़ को पार कर गई, जबकि कुल ई–केवाईसी, दो हजार करोड़ से अधिक हो गए हैं। चेहरे की पहचान के माध्यम से पिछले महीने लगभग तेरह करोड़ आधार प्रमाणीकरण किए गए थे।

———————————————————————

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार आज पटना में चार मॉडल ट्रैफिक पोस्ट की शुरूआत करेंगे। इन ट्रैफिक पोस्ट का संचालन महिला अधिकारी ही करेंगी। श्री कुमार आज ही नालंदा के राजगीर स्थित जय प्रकाश उद्यान में सम्राट जरासंध की आदमकद कांस्य प्रतिमा का लोकार्पण करेंगे। यह प्रतिमा इक्कीस फीट ऊंची है। इस दौरान मुख्यमंत्री जरासंध की जीवनी पर आधारित एक भित्ति चित्र का भी अनावरण करेंगे।

———————————————————————

पटना उच्च न्यायालय समेत प्रदेश की सभी अदालतों में आज राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है। लोक अदालत में आपसी समझौते के आधार पर विभिन्न प्रकार के दीवानी और कुछ प्रकार के आपराधिक मामलों का निपटारा होगा। पटना जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव नितिन त्रिपाठी ने बताया कि लोक अदालत में बैंक ऋण, बिजली वाद, वाहन दुर्घटना बीमा और श्रमवाद जैसे मामले आपसी सहमति के आधार पर निष्पादित किये जायेंगे।

———बाईट———

————————————————————————————

पटना उच्च न्यायालय में अधिवक्ता कोटे से तीन नये न्यायाधीशों की नियुक्ति की गयी है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने इस नियुक्ति की मंजूरी प्रदान कर दी है। तीनों नये न्यायाधीशों आलोक कुमार सिन्हा, सौरेन्द्र पांडेय और सोनी श्रीवास्तव को आज पटना उच्च न्यायालय के कार्यकारी मुख्य न्यायाधीश आशुतोष कुमार शपथ दिलायेंगे। इसके साथ ही न्यायालय में न्यायाधीशों की संख्या बढ़कर सैंतीस हो जायेगी।

————————————————————————————

बिहार के केष्कर ठाकुर को वर्ष दो हजार चौबीस के लिए मैथिली का साहित्य अकादमी अनुवाद पुरस्कार के लिए चुना गया है। केष्कर को विभूति भूषण बंदोपाध्याय के बांग्ला उपन्यास आरण्यक के मैथिली अनुवाद के लिए यह पुरस्कार दिया जायेगा। केष्कर मूल रूप से मधुबनी जिले के समौल के निवासी हैं। वहीं, प्रसिद्ध आलोचक मदन सोनी को हिन्दी अनुवाद और अनीसुर रहमान को अंग्रेजी के लिए वर्ष दो हजार चौबीस का साहित्य अकादमी अनुवाद पुरस्कार दिया जायेगा।

————————————————————————————

शिक्षा विभाग ने कहा है कि शिक्षक पात्रता परीक्षा–टीईटी में पिछड़ा, अतिपिछड़ा और सामान्य वर्ग की महिला अभ्यर्थी बयासी अंक लाने पर ही उत्तीर्ण माने जायेंगे। इससे पहले इन वर्गों के लिए उत्तीर्ण होने के लिए न्यूनतम अंक बयासी दशमलव पांच था। विभाग के अनुसार इलाहाबाद उच्च न्यायालय के आदेश के बाद एनसीटीई की ओर से जारी दिशा–निर्देश के आलोक में यह फैसला किया गया है।

————————————————————————————

निगरानी जांच ब्यूरो की टीम ने गया जिले के इमामगंज प्रखंड के मलहारी पंचायत के आवास सहायक रजनीकांत राय को रिश्वत लेते हुये रंगे हाथ गिरफ्तार किया है।

————————————————————————————

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्रों ने राज्य के सुधा डेयरी के उत्पादों की विदेशों में बिक्री शुरू किये जाने की खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

हिन्दुस्तान की सुर्खी है– अड़तालीस लाख रूपये के सुधा उत्पाद अमेरिका और कनाडा भेजे गये।

दैनिक जागरण की प्रमुख खबर है– नालंदा डीटीओ के यहां मिले एक करोड़ रूपये के सोना–चांदी के आभूषण।

दैनिक भास्कर लिखता है– सत्तरवीं बीपीएससी भर्ती प्रक्रिया पर रोक लगाने से हाई कोर्ट का इंकार।

प्रभात खबर ने लिखा है– मैथिली अनुवाद के लिए केष्कर को साहित्य अकादमी पुरस्कार।

आज अखबार की सुर्खी है– होली पर बेटिकट ओर वेटिंग टिकट वाले नहीं कर पायेंगे ट्रेन में सफर। पटना सहित साठ स्टेशनों पर बनेंगे, स्थायी प्रतिक्षा क्षेत्र।

———————————————————

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर.......

01. अन्तरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु आज नई दिल्ली में **नारी शक्ति से विकसित भारत** विषय पर राष्ट्रीय सम्मेलन का उद्घाटन करेंगी।

02. महिला और बाल विकास निगम महिला दिवस के अवसर पर राज्य की दो सौ तीन महिलाओं को सम्मानित करेगा।

03. प्रदेश के सभी न्यायालयों में आज किया जा रहा है राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन। आपसी समझौते के आधार पर होगा विवादों का निपटारा।

04. और, बिहार के केष्कर ठाकुर को वर्ष दो हजार चौबीस के लिए मैथिली का साहित्य अकादमी अनुवाद पुरस्कार दिया जायेगा।

———————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।

आकाशवाणी पटना से अगला समाचार बुलेटिन दोपहर बाद तीन बजकर दस मिनट पर प्रसारित किया जायेगा।